| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 5. | Methyl Parathion 50% EC | 166 | 170 | 226 |
| 6. | Quinalphos 25% EC | 193 | 196 | 213 |
| 7. | Fenalerate 20% EC | 254 | 242 | 229 |
| 8. | Malathion 50% EC | 86 | 87 | 96 |
| 9. | Malathion 5% Dust | 67 | 69 | 75 |
| 10. | BHC 10% DP | 27 | 28 | 40 |
| 11. | Carbendarim 50% WP | 296 | 323 | 320 |
| 12. | Butchlor 50% EC | 150 | 142 | 171 |
| 13. | Anilophos 30% EC | 175 | 179 | 200 |
| 14. | Cypermethion 10% EC | 235 | 252 | 247 |
| 15. | 2.4-D Sodium Salt 80% | 100 | 95 | 106 |
| 16. | Maneozeb 75% WP | 119 | 134 | 159 |
| 17. | Copper Oxychloride 50% WDP | 108 | 135 | 126 |
| 18. | Chloropnyripnos 20% EC | 221 | 280 | 277 |
| 19. | Pnorate 10 G | 33 | 32 | 38 |

**नीम वृक्ष लगाने के लिए प्रोत्साहन**

1275. **श्री शिव प्रसाद चनपुरिया:** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार नीम वृक्ष के कीटनाशी तथा कृषि हेतु खाद के रूप में इसके गुणों को देखते हुए किसानों को कृषि फार्मों के किनारे नीम के वृक्ष लगाने के लिए प्रोत्साहन देने की योजना पर विचार करेगी; और

(ख) क्या कृषि मंत्रालय उन राज्यों के नाम बताने की स्थिति में है जहां कृषि फार्मों के किनारे नीम वृक्ष उगाए गए हैं और किसान उन वृक्षों से लाभ उठा रहे हैं?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम):** (क) और (ख) महोदय, राष्ट्रीय तिलहन तथा वनस्पति तेल विकास बोर्ड के "गैर-परम्परागत तिलहनों का विकास" कार्यक्रम के अंतर्गत राज्यों/किसानों को नीम के पेड़ों की नर्सरियां लगाने तथा पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

नीम देश के अधिकतर भागों में उगाया जाता है और उत्तर प्रदेश तमिलनाडु, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, तथा गुजरात में इसे बहुत अधिक मात्रा में उगाया जाता है और किसानों को उससे कई लाभ हो रहे हैं।

**टाटा आयरन एण्ड स्टील कंपनी लिमिटेड द्वारा लौह-अयस्क का निर्यात**

1276. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:** क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या टाटा आयरन एंड स्टील कम्पनी लिमिटेड (टिस्को) लौह-अयस्क का निर्यात कर रही है;

(ख) यदि हां, तो 1992-93, 1993-94 और 1994-95 के वर्षों के दौरान किन-किन देशों को कितनी-कितनी मात्रा में लौह-अयस्क का निर्यात किया गया;

(ग) इस निर्यात से कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित हुई;

(घ) क्या सरकार टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी लिमिटेड द्वारा उत्पादित तैयार माल का निर्यात करने का विचार रखती है; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

**इस्पात मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव):** (क) जी, हां।

(ख) और (ग) टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी लि० (टिस्को) ने सूचित किया है कि उन्होंने निम्नानुसार निर्यात किया है:—

| वर्ष | निर्यात | | कुल (टन) |
|---|---|---|---|
| | पाकिस्तान | चीन | |
| 1992-93 | 39,000 | 53,000 | 92,000 |
| 1993-94 | 197,000 | 18,000 | 215,000 |
| 1994-95 | 17,000 | 96,000 | 113,000 |